बरेली, रविवार
16 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4+4=28

दैनिक जागरण



# श्री राम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट 18 से

जासं, बरेली: एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का आगाज 18 फरवरी को होगा। फाइनल मैच एक मार्च को खेला जाएगा। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस टूर्नामेंट में 12 टीमें शामिल हो रही हैं। यह जानकारी एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने दी।

आदित्य मूर्ति ने बताया कि टूर्नामेंट की बढ़ती लोकप्रियता के चलते इस बार मेरठ, वाराणसी, हरदोई, हल्द्वानी के साथ बरेली में संचालित क्रिकेट एकेडमी की टीमें खेलने एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज पहुंच रही हैं। इसको देखते हुए आयोजन समिति ने टूर्नामेंट की इनामी राशि भी बढ़ाई है। पिछली बार विजेता टीम को ट्राफी के साथ 51 हजार रुपये मिले थे। इस बार विजेता टीम को ट्राफी के साथ एक लाख रुपये और रनरअप टीम को 31 हजार रुपये के स्थान पर अब 51 हजार रुपये के साथ ट्राफी प्रदान की जाएगी। टूर्नामेंट में मैन आफ द सीरीज रहने वाले खिलाड़ी को 5,100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। फाइनल मैच में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी यानी मैन आफ द मैच को 1,100 का पुरस्कार मिलेगा। अन्य सभी मैचों में मैन आफ द मैच रहने वाले खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की जाएगी।